कुशीनगर से पहली उड़ान अंतरराष्ट्रीय होगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एलान, कुशीनगर एयरपोर्ट से जल्द शुरू होगी उड़ान

संतकबीरनगर/कुशीनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कुशीनगर में कहा कि भगवान बुद्ध की वजह से यह नगरी दुनिया के नक्शे पर आई। उन्होंने 13 शक्तिशाली देशों में भारत की शिक्षा व संस्कृति को पहुंचाया है। यहां से पहली उड़ान भी अंतरराष्ट्रीय होगी। जल्द ही अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू होने से विदेशी पर्यटक सीधे कुशीनगर आएंगे। इससे जिले में रोजगार का अवसर बढ़ेगा। उन्होंने कुशीनगर के कप्तानगंज व तमकुहीराज में 400 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने रविवार को संतकबीरनगर में भी 245 करोड़ रुपये की 122 परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किया।

कुशीनगर के कप्तानगंज में सीएम योगी आदित्यनाथ। - संवाद

सपा पर तीखा हमला : अब्बाजान कहने वाले हजम कर जाते थे गरीबों का राशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर गरीब को मुफ्त राशन मिल रहा है। 2017 के पहले अब्बाजान कहने वाले गरीबों का राशन हजम कर जाते थे। उनके चेलों में बंटकर यह राशन नेपाल व बांग्लादेश चला जाता था। गरीबों का राशन सपा और बसपा के लोग खा जाते थे। आज कोई गरीबों का राशन निगलने की कोशिश करेगा तो निगल भले न सके, लेकिन जेल जरूर चला जाएगा।

मुख्यमंत्री ने संतकबीरनगर में स्नातक, परास्नातक, इंजीनियरिंग, फार्मेसी, एएनएम व जीएनएम करने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट और प्रतियोगी छात्रों को यात्रा भत्ता देने का भी एलान किया। मुख्यमंत्री ने संतकबीरनगर जिला कारागार के लोकार्पण के मौके पर कहा कि युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी मिल रही है। संवाद